# SUPER
# TET

## Previous Year Paper
## 2018

**DO NOT OPEN THE SEAL OF THE BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**
**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्न-पत्रक को न खोलें।**

***Exam Time / परीक्षा समय: 10.00 A.M. to 01.00 P.M.***

*Time Allowed: 3 Hours*
*निर्धारित समय: 3 घंटे*
*Maximum Marks : 150*
*अधिकतम अंक : 150*

# WAE-2018

## SERIES - A

* 4 0 8 7 1 1 3 *

- **प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करें।**
- **अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी निर्देशों को सावधानी-पूर्वक पढ़ लें।**
- **आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर दिए गए नियत स्थान पर ही देने हैं।**
- **परीक्षा के उपरान्त उत्तर-पत्रक कक्ष-निरीक्षक को लौटा दें।**

## उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. उत्तर-पत्रक के OMR कवर पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर अभ्यर्थी अपनी सम्पूर्ण प्रविष्टियों को पूरित करें। किसी भी प्रविष्टि को पूरित न करने अथवा गलत भरने की दशा में उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की ही होगी।
3. इस प्रश्न-पत्रक में कुल 150 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। नकारात्मक मूल्यांकन की व्यवस्था नहीं है।
4. अंग्रेजी तथा संस्कृत विषय के अतिरिक्त सभी प्रश्नों के उत्तर केवल हिन्दी भाषा में ही दें।
5. प्रश्नों के उत्तर उत्तर-पत्रक में संख्या वार तरीके से निर्धारित स्थान पर ही दिया जाना है। प्रश्न का एक ही उत्तर दिया जाना है। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में उत्तर गलत माना जाएगा तथा उसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
6. उत्तर-पत्रक में उत्तर देते समय किसी भी प्रकार की कटिंग, ओवरराईटिंग एवं व्हाईटनर का प्रयोग वर्जित है। एसा करने पर सम्बन्धित प्रश्न के उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
7. रफ कार्य के लिए उत्तर-पत्रक के अंत में दिए गए निर्धारित स्थान का ही प्रयोग करें।
8. उत्तर-पत्रक के O.M.R. कवर-पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर केवल अपना **रोल नंबर, नाम, पिता का नाम, कैटेगरी, प्रश्न-पत्रक सिरीज़ कोड, हल किये गए प्रश्नों की संख्या शब्दों और अंकों में तथा अपने हस्ताक्षर** के अलावा कुछ भी न लिखें।
9. अभ्यर्थी को सावधान किया जाता है कि वह अपना नाम, रोल नंबर, हस्ताक्षर या कोई और पहचान चिन्ह उत्तर-पत्रक में सिवाए O.M.R. कवर-पृष्ठ पर मांगी गई जानकारियों के अलावा कहीं भी अंकित न करें अन्यथा उनकी पात्रता निरस्त कर दिया जाएगा और उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की ही होगी।
10. पेपर के आरंभ होने के दस मिनट पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी को एक सीलबंद टेस्ट बुकलेट(प्रश्न-पुस्तिका सह उत्तर पुस्तिका) दी जाएगी। टेस्ट बुकलेट में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका पर अंकित करना होगा।
    प्रत्येक उत्तर-पुस्तिका के साथ 5 सादे द्वितीय उत्तर-पत्रक होंगे। अभ्यर्थी अगर अपने द्वारा अंकित किये गए उत्तर की कार्बन प्रति अपने साथ ले जाना चाहते हैं, तो उन्हें कक्ष निरीक्षक से कार्बन शीट की मांग करनी होगी। अभ्यर्थी कक्ष निरीक्षक द्वारा प्राप्त कराए गये कार्बन शीट एवं उत्तर-पुस्तिका के साथ दिये गए 5 सादे द्वितीय उत्तर-पत्रक का इस्तेमाल कर कार्बन प्रति का निर्माण कर सकते हैं, एवं कार्बन प्रति को परीक्षा के उपरान्त अपने साथ ले जा सकते हैं।
11. अभ्यर्थी प्रयुक्त डुप्लीकेट शीट्स अपने साथ ले जा सकते हैं। बची हुई अप्रयुक्त डुप्लीकेट शीट्स को कक्ष निरीक्षक के पास जमा करना होगा। **अभ्यर्थी को बची हुई अप्रयुक्त शीट साथ ले जाने की अनुमति नहीं है।**
12. प्रश्न-पत्रक खोलने के तुरंत बाद जांच करके देख लें कि प्रश्न-पत्रक और उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ भली भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पत्रक /उत्तर-पत्रक में कोई त्रुटि हो, तो उसे कक्ष-निरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज़ की दूसरी-पुस्तिका प्राप्त कर लें।
13. उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान पर हल किये गए प्रश्नों की संख्या शब्दों तथा अंकों में अवश्य उल्लिखित करें।
14. यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह हो तो अंग्रेज़ी भाषा को ही प्रमाणिक माना जाएगा।
15. **परीक्षा हॉल / कमरों में मोबाइल फोन तथा बेतार संचार साधन पूरी तरह निषिद्ध हैं। उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि मोबाइल फोन / किसी अन्य बेतार संचार साधन को अपने पास न रखें। इस प्रावधान का अनुपालन न करने को परीक्षा में अनुचित उपायों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, उनका अभ्यर्थन रद्द कर देने सहित भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा**
16. अभ्यर्थी परीक्षा के उपरान्त प्रश्न-पत्रक अपने साथ ले जा सकते हैं।
17. **किसी अभ्यर्थी की उत्तर-पुस्तिका उपलब्ध न होने पर, यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी उत्तर-पुस्तिका को भी अपने साथ ले गया है तथा ऐसे मामले में अभ्यर्थी के विरुद्ध सम्बंधित परीक्षा के केन्द्र व्यस्थापक द्वारा प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जाएगी।**

**नोट : अंग्रेज़ी भाषा में निर्देश पढने के लिए इस पुस्तिका के अंतिम पेज को अवश्य देखें।**

Q1) **निर्देश:** नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

मनुष्य के लिए साक्षरता की सर्वाधिक आवश्यकता है। निरक्षर व्यक्ति अपना विकास नहीं कर सकता। प्रजातंत्र की सफलता के लिए उसके नागरिकों का साक्षर होना आवश्यक है। साक्षरता प्रतीक है – स्वतंत्रता एवं विकास का। यदि इस अभियान की सफलता और विफलता का निष्पक्ष दृष्टि से विश्लेषण करें तो हमें पता चलता है कि यह अभियान जन-जागृति लाने में सफल रहा है। इस अभियान को सफलता पूर्वक चलाना चाहिए।

**प्रश्न:** प्रजातंत्र की सफलता के लिए क्या आवश्यक है?

Q2) **निर्देश:** नीचे दिए गए अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दम्भ का जहाँ-जहाँ पड़ाव था,
सत्य से जहाँ-जहाँ दुराव था,
वह चला कि **अग्नि**-बाण मारता,
पाप की अहा-अहा उजाड़ता,
वज्र बन गिरा गिरे विचार पर।

**प्रश्न:** 'अग्नि' शब्द का तद्भव रूप क्या होगा?

Q3) 'चौराहा' में कौन सा समास है?

Q4) 'जिसके हाथ में चक्र हो' के लिए एक शब्द क्या है?

Q5) 'कंघी' का तत्सम शब्द क्या है?

Q6) 'व्यूह' का विलोम शब्द क्या है?

Q7) 'राम का घर दूर है' – इस वाक्य में कौन सा कारक है?

Q8) 'मैंने कहा होगा' – वाक्य किस प्रकार का वाक्य है?

Q9) 'अस कहि कुटिल भई उठि ठाढ़ी। मानहुँ रोष-तरंगिनी बाढ़ी' – में 'मानहुँ' के द्वारा कौन सा अलंकार बनता है?

Q10) 'वह अपना सिर खुजलाता है' – वाक्य में सकर्मक या अकर्मक कौन सी क्रिया है?

Q11) वीर रस का स्थाई भाव लिखिए–

Q12) उन्मेष में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

Q13) 'जिसके पास तुरंत सोचने की शक्ति हो' – के लिए सही एक शब्द लिखिए।

Q14) 'संस्कार' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?

Q15) 'शुष्ठि' का तद्भव शब्द क्या है?

Q16) 'मुझसे उठा नहीं गया' वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

Q17) 'पर्वत के ऊपर की समतल भूमि' – वाक्य के लिए एक शब्द बताइए।

Q18) 'लिखावट' शब्द में किस प्रकार का प्रत्यय है?

Q19) 'काला सागर' में कौन सी संज्ञा है?

Q20) 'प्रधानमंत्री' में कौन सा समास है?

Q21) **Direction:** Read the Comprehension (Poetry) carefully and answer the Question:

When I consider how my light is spent
Ere half my days, in this dark world and wide,
And that one talent, which is death to hide,
Lodged with me useless, though my soul more bent.

**Question:** What is the meaning of word 'ere'?

Q22) Use the suitable 'conjunction' to complete the following sentence:-
He was not only punished ______ fined.

Q23) Is **'sweet'** in the following sentence a part of subject or predicate?
The mangoes in the basket are sweet.

Q24) Put in the correct pronoun in the Reported Speech of the following sentence:
Rahul said to me: "I work in an office."
Rahul told me that ______ worked in an office.

Q25) Complete the following sentence with an appropriate article:
It is ______ unique opportunity.

Q26) **Direction:** Read the Comprehension (Passage) carefully and answer the Question:

People take cars and other road vehicles for granted today. However, the idea of such vehicles was unheard of about 500 years ago. Then in 1478, the artist and inventor Leonardo Da Vinci designed a self propelled vehicle. His drawing showed a boxy open-topped wooden machine with three wheels. Coiled spring would make the vehicle more somewhat like a wind up toy. Models of Leonardo's vehicle have been made in recent years and are on exhibit in museums in Italy.

**Question:** What did Leonardo Da Vinci design in 1478?

Q27) Write the masculine form of:-
Bee

Q28) Complete the following sentence:-
'The soldier fought ______ courage'

Q29) Identify the voice in the following sentence:-
Alexander Graham Bell invented the telephone

Q30) Mention a common suitable prefix to the following words:-
Write, fresh, take

Q31) **निर्देश:** नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

एकदा राजकुमारः सिद्धार्थः विहाराय उद्याने गतवान्। सहसा सः क्रन्दनध्वनिम् अश्रृणोत्। तदैव च एकः हंसः तस्य सम्मुखे भूमौ अपतत्। तं द्रष्ट्वा सिद्धार्थः करुणापूर्णः सञ्जातः। पुनश्च सः हंसस्य शरीराद् बाणं निष्कास्य यावत्पश्यति तावद् देवदत्तः तत्र समागतः। सः सिद्धार्थम् उक्तवान् भो सिद्धार्थ! एषः हंसः मया हतः रमं हंसं मह्यं देहि, सिद्धार्थः उच्चैः अवदत्-न दास्यामि। अहम् अस्य रक्षकः।

**प्रश्न:** 'विलोक्य' इति पदस्य गंद्याशे पर्याय पदं किं प्रयुक्तम्?

Q32) 'कुत्र' अव्यय का क्या अर्थ है?

Q33) 'सः चौरेभ्यः विभेति' इस वाक्य में 'चौरेभ्यः' पद में किस विभक्ति का प्रयोग हुआ है?

Q34) 'प्रत्येकम्' पद में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त है?

Q35) 'पठनीयः' पद में कौन-सा प्रत्यय है?

Q36) 'पञ्चग्रामम्' में कौन सा समास है?

Q37) 'सुखार्तः' में कौन सी सन्धि है?

Q38) 'एचोऽयवायावः' सूत्र किस सन्धि का विधान करता है?

Q39) 'बालिका' शब्द के प्रथमा विभक्ति बहुवचन का रूप लिखिए?

Q40) **निर्देश:** नीचे दिए गए अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दाने तपसि शौर्ये च विज्ञाने विनये नये । विस्मयो न हि कर्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा ।।

**प्रश्न:** अस्माकं वसुन्धरा कीद्रशी वर्तते?

Q41) A person travels from place A to place B with a uniform speed of 4 km/hr and returns back with a uniform speed of 2 km/hr. What is its average speed during the travel?
एक व्यक्ति स्थान A से स्थान B तक एक समान चाल 4 km/hr से जाता है तथा एक समान चाल 2km/hr से वापस लौट आता है। पूरी यात्रा में उसकी औसत चाल कितनी है?

Q42) The refractive index of water and glass with respect to air are $^4/_3$ and $^3/_2$ respectively. The refractive index of glass with respect to water will be:
वायु के सापेक्ष जल तथा कांच के अपवर्तनांक क्रमशः $^4/_3$ व $^3/_2$ है, जल के सापेक्ष कांच का अपवर्तनांक होगा:

Q43) An electric bulb consumes 2000J of electrical energy in 20s. What is its power?
एक विद्युत बल्ब 20s में 2000J विद्युत ऊर्जा का उपभोग करता है। इसकी शक्ति कितनी है?

Q44) Which rays are absorbed by ozone layer?
ओजोन पर्त किन किरणों को अवशोषित करती है?

Q45) Among halogens which element has highest electron affinity?
हैलोजनों में सबसे अधिक इलेक्ट्रान स्नेहता किस तत्व की है?

Q46) Write the name of type of given reaction.
$CH_3–CH_2–Br + NaOH \rightarrow CH_3–CH_2–OH + NaBr$
निम्न अभिक्रिया के प्रकार का नाम लिखिए।
$CH_3–CH_2–Br + NaOH \rightarrow CH_3–CH_2–OH + NaBr$

Q47) Name the vitamin whose deficiency in diet results in scurvy.
उस विटामिन का नाम क्या है जिसके आहार में कमी से स्कर्वी रोग होता है।

Q48) The naked seeded plants are called.
नग्न बीज वाले पौधों को कहा जाता है।

Q49) Which blood vessel carries oxygenated blood from lungs to the left auricle of human heart?
कौन सी रुधिर वाहिका फेफड़ों से ऑक्सीजनित रुधिर को मानव हृदय के बाँये आलिंद तक ले जाती है?

Q50) An organism's modification in structure, function or behaviour suitable to the environment is called:-
एक जीव की संरचना, कार्य या व्यवहार वातावरण के अनुरूप परिवर्तन कहलाता है:-

Q51) If a–b=4 and ab=21, find the value of $a^3–b^3$.
यदि a–b=4 तथा ab=21, तो $a^3–b^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Q52) Amongst the following which is greater:-
$(1/2)^{1/2}$ or $(1/3)^{1/3}$
निम्नलिखित में से कौन सी संख्या बड़ी है:-
$(1/2)^{1/2}$ या $(1/3)^{1/3}$

Q53) Factorize: $x^2 – 9x + 18$
गुणनखण्ड कीजिए : $x^2 – 9x + 18$

Q54) If A={x : x is an isosceles triangle} and B={x: x is an equilateral triangle} then find $A \cap B$
यदि A={x : x एक समद्विबाहु त्रिभुज है} तथा B={x : x एक समबाहु त्रिभुज है} तो $A \cap B$ ज्ञात कीजिए।

Q55) Find each of exterior angles of a regular polygon of 10 sides.
एक दस भुजाओं वाले नियमित बहुभुज के प्रत्येक बाह्य कोणों को ज्ञात कीजिए।

Q56) Find the difference between place value and face value of 9 in the number 569387?
संख्या 569387 में अंक 9 के स्थानीय मान एवं वास्तविक मान में कितना अंतर है?

Q57) Three angles of a quadrilateral are equal and the fourth angle measures $75^0$. Find the measure of each of the equal angles.
एक चतुर्भुज के तीन कोण समान हैं तथा चौथा कोण $75^0$ का है। समान कोणों की माप ज्ञात कीजिए।

Q58) The perimeter of a right angle triangle is 24 centimetre. If its hypotenuse is 10 centimetre, find the area of triangle.
समकोण त्रिभुज की परिमाप 24 से.मी. है। यदि इसके विकर्ण की माप 10 से.मी. है तो समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Q59) If each side of a rhombus is 100 metre and one of the diagonals is 160 metre, find the area of the rhombus.
यदि एक समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा 100 मीटर तथा एक विकर्ण 160 मीटर हो तो समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Q60) If a + b = 7 and ab = 12. Then find the value of $(a^2 + b^2)$.
यदि a + b = 7 तथा ab = 12 हो तो, $(a^2 + b^2)$ का मान बताइये।

Q61) If $5^{(x+1)} + 5^{(2-x)} = 5^3+1$, then find the positive value of x.
यदि $5^{(x+1)} + 5^{(2-x)} = 5^3+1$ हो तो x का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Q62) January 5, 1991 was a Saturday. What day of the week was on March 3, 1992?
यदि 5 जनवरी, 1991 को शनिवार था तो 3 मार्च, 1992 को सप्ताह का कौन सा दिन था?

Q63) The denominator of a rational number is greater than its numerator by 8. If the numerator is increased by 17 and the denominator is increased by 1, the number becomes $^3/_2$. Find the rational number.
किसी परिमेय संख्या का हर उसके अंश से 8 अधिक है। यदि अंश को 17 तथा हर को 1 बढ़ा दिया जाए तो संख्या का मान $^3/_2$ हो जाता है। परिमेय संख्या ज्ञात कीजिए।

Q64) In an examination, 94% of the students passed and 33 students failed. How many students appeared in the examination?
एक परीक्षा में, 94% छात्र उत्तीर्ण हुए और 33 छात्र विफल हुए। परीक्षा में कितने छात्र सम्मिलित हुए?

Q65) If the cost price of 10 books is equal to the selling price of 8 books, find the gain or loss percent.
यदि 10 पुस्तकों का लागत मूल्य, 8 पुस्तकों के बिक्री मूल्य के बराबर हो, तो लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Q66) If the wages of 6 men for 15 days be ₹2100, then find the wages of 9 men for 12 days.
यदि 6 पुरुषों की 15 दिन की मजदूरी ₹2100 हो, तो 9 पुरुषों की 12 दिन की मजदूरी ज्ञात कीजिए।

Q67) The following data have been arranged in ascending order. If the median of the data is 63, find the value of x.
29, 32, 48, 50, x, (x+2), 72, 78, 84, 90
निम्नलिखित आंकड़ों को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है| यदि आंकड़ों की माध्यिका 63 हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।
29, 32, 48, 50, x, (x+2), 72, 78, 84, 90

Q68) If A:B=3:4 and B:C=6:7 then find A:B:C
यदि A:B=3:4 तथा B:C=6:7 हो तो A:B:C को ज्ञात कीजिए।

Q69) If a sum of money placed at simple interest doubles itself in 25 years, then find the rate of interest per annum.
यदि साधारण ब्याज पर रखा कोई धन 25 वर्षों में स्वयं का दुगुना हो जाता है, तो ब्याज की वार्षिक दर ज्ञात कीजिए।

Q70) The length of a chord of a circle of radius 10 cm is 16 cm. Find the distance of the chord from the centre of the circle.
10 से.मी. त्रिज्या वाले एक वृत्त की एक जीवा की लम्बाई 16 से.मी. है। वृत्त के केन्द्र से जीवा की दूरी ज्ञात कीजिए।

Q71) What is the name of mid latitude grass-land in South America?
दक्षिण अमेरिका में मध्य अक्षांशीय घास के मैदान का क्या नाम है?

**Q72)** Give the name of Warm Ocean current flowing along eastern coast of North America.
उत्तरी अमेरिका के पूर्वी तट से होकर प्रवाहित होने वाली गर्मधारा का नाम लिखिए।

**Q73)** Which port is situated at the Gulf of Kutch?
कौन सा बन्दरगाह कच्छ की खाड़ी पर स्थित है?

**Q74)** In which country Drakensberg Mountain located?
ड्राकिंसबर्ग पर्वत किस देश में स्थित है?

**Q75)** When International 'Tiger Day' is observed?
अन्तराष्ट्रीय 'टाइगर दिवस' कब मनाया जाता है?

**Q76)** On which continent the Equator, Tropic of Cancer and Tropic of Capricorn all the three pass through?
भूमध्य रेखा, कर्क रेखा तथा मकर रेखा तीनों किस महाद्वीप से होकर गुजरती हैं?

**Q77)** Who was the President of State Constitution Committee?
प्रान्तीय संविधान समिति के अध्यक्ष का नाम क्या था?

**Q78)** The Sharda Act is related to?
शारदा अधिनियम का सम्बन्ध किससे है?

**Q79)** Where in India was the first French factory established?
भारत की पहली फ्रेंच फैक्ट्री कहाँ स्थापित की गई थी?

**Q80)** From which country the concept of concurrent list in the Indian Constitution was borrowed?
भारतीय संविधान में समवर्ती सूची की अवधारणा किस राष्ट्र से ली गयी है?

**Q81)** Who was the propounder of Heuristic method?
ह्यूरिस्टिक विधि के प्रतिपादक कौन थे?

**Q82)** Which report is called as Magna Carta of Indian Education?
किस घोषणा पत्र को भारतीय शिक्षा का शिलालेख कहा जाता है?

**Q83)** Who introduced the five steps system in preparation lesson planning?
पाठ योजना निर्माण में पंचपदीय प्रणाली के प्रणेता कौन थे?

**Q84)** Which level of education is being provided at 'Maktab'?
'मकतब' में किस स्तर की शिक्षा दी जाती है?

**Q85)** Who was the propounder of Project Method of Teaching?
प्रयोजना शिक्षण विधि के प्रणेता कौन थे?

**Q86)** Problem of 'wastage' and 'stagnation' is primarily related to which level of education?
'अपव्यय' एवं 'अवरोधन' की समस्या मुख्यतया किस शिक्षा-स्तर से सम्बंधित है?

**Q87)** Who profounded primary laws of learning?
अधिगम के प्राथमिक सिद्धांतो के प्रणेता कौन हैं?

**Q88)** Educational Technology III is also known as-
शैक्षिक तकनीकी तृतीय का दूसरा नाम है-

**Q89)** Which aspect of student's behaviour is related to his interests and attitudes?
बालक के व्यवहार का कौन सा पक्ष उसकी रुचियों तथा मनोवृत्तियों से सम्बंधित होता है?

**Q90)** Which test is used to know the learning problems of students after classroom teaching?
कक्षा-शिक्षण के उपरान्त छात्रों की अधिगम सम्बन्धी समस्याओं को जानने के लिए कौन सा परीक्षण किया जाता है?

**Q91)** Fill up the Blank: "According to Gagne's Learning Hierarchy highest stage of learning is __?__"
रिक्त स्थान भरिए: "गैने के अधिगम पदानुक्रम में अधिगम की सर्वोच्च अवस्था है __?__"

**Q92)** Fill up the blank: "Originality, Flexibility and Flow are the components of __?__"
रिक्त स्थान भरिए: "मौलिकता, नमनीयता तथा प्रवाह __?__ के घटक हैं।

**Q93)** Fill up the blank: "Brain Storming technique emphasises the importance of __?__ thinking in teaching gifted children"
रिक्त स्थान भरिए: "प्रतिभाशाली बालकों के शिक्षण में मानसिक उद्वेलन तकनीक __?__ चिन्तन के महत्व पर बल देता है|"

**Q94)** Fill up the blank: "Kohlberg's theory explains __?__ development of a child."
रिक्त स्थान भरिए: "कोहलबर्ग का सिद्धान्त एक बालक के __?__ विकास की व्याख्या करता है|"

**Q95)** An infant of below 15 months age is at what stage of language development?
एक शिशु जन्म के पश्चात् प्रथम 15 माह में भाषा विकास की किस अवस्था में होता है?

**Q96)** Who advocated the 'Trial and Error theory of Learning'?
'सीखने के प्रयास एवं त्रुटि सिद्धान्त' का प्रतिपादन किसने किया?

**Q97)** Programmed Learning is based on whose theory of learning?
अभिक्रमित अधिगम किसके अधिगम सिद्धान्त पर आधारित है?

**Q98)** The 'Rehabilitation Council of India (RCI)' is established for the education of which type of children?
'भारतीय पुनर्वास परिषद' की स्थापना किस प्रकार के बच्चों की शिक्षा के लिए की गई है?

**Q99)** What is the right order of feeble mindedness based on IQ?
बुद्धिलब्धि(IQ) के आधार पर मन्दबुद्धिता के स्तर का सही क्रम क्या है?

**Q100)** The process of Assimilation and Accommodation is related to what?
आत्मसातकरण तथा समायोजन की प्रक्रिया किससे सम्बन्धित है?

**Q101)** Who is the author of the book 'Everest Ki Beti'?
'एवरेस्ट की बेटी' पुस्तक का लेखक/लेखिका कौन है?

**Q102)** In which year did the Government of Uttar Pradesh launch Bhagya Laxmi Yojna?
उत्तर प्रदेश सरकार ने किस वर्ष भाग्य लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ किया?

**Q103)** Who wrote 'Akbarnama'?
'अकबरनामा' किसने लिखी?

**Q104)** In which city is 'Bharat Kala Bhavan' situated?
'भारत कला भवन' किस नगर में स्थित है?

**Q105)** To which state 'Jallikattu' is related?
'जल्लीकट्टू' किस राज्य से सम्बंधित है?

Q106) Which city of Uttar Pradesh is known as 'Shiraz of India'?
उत्तर प्रदेश के किस नगर को 'भारत का शिराज़' कहा जाता है?

Q107) In which district of Uttar Pradesh is the holy place 'Naimisharanya' located?
नैमिषारण्य पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश के किस जिले में अवस्थित है?

Q108) In which place in Odisha is Sun Temple located?
सूर्य मन्दिर ओडिसा में किस स्थान पर स्थित है?

Q109) Name the Pala King who founded the Vikramshila University?
उस पाल-शासक का नाम बताइए जिसने विक्रमशिला विश्वविद्यालय स्थापित किया?

Q110) On which date is the 'World Environment Day' observed?
'विश्व पर्यावरण दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?

Q111) What is known as 'Paper Gold'?
'पेपर गोल्ड' किसे कहा जाता है?

Q112) Which planet is called 'Red Planet'?
कौन से ग्रह को 'लाल ग्रह' कहा जाता है?

Q113) In which state Loktak Lake is located?
लोकटक झील किस राज्य में स्थित है?

Q114) Who is the first full fledged woman Defence Minister of India?
भारत की पहली पूर्णकालिक महिला रक्षामंत्री कौन हैं?

Q115) Who has received 'Indira Gandhi Prize' for Peace, Disarmament and Development for the year 2017?
वर्ष 2017 में शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गाँधी पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?

Q116) Who has become the first woman pilot in the Indian Navy?
भारतीय नौसेना में पहली महिला पायलट कौन हैं?

Q117) The 48th International Film Festival of India was held in:-
भारत के 48 वें अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन स्थल है:-

Q118) Which is India's cleanest city as per 'Swachh Sarvekshan 2017'?
'स्वच्छ सर्वेक्षण 2017' के अनुसार भारत का सबसे स्वच्छ शहर कौन सा है?

Q119) Who has been selected as the 'Best Actor' in 64th National Film Awards?
64 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' किसे चुना गया?

Q120) Who is the 21st Chief Election Commissioner of India?
भारत के 21 वें मुख्य चुनाव आयुक्त कौन है?

Q121) Who has been appointed as the 9th Secretary General of United Nations?
किसे संयुक्त राष्ट्र संघ का 9 वाँ महासचिव नियुक्त किया गया?

Q122) Who has been selected for 'Vyas Samman, 2017'?
'व्यास सम्मान, 2017' के लिए किसे चुना गया है?

Q123) On which date is the World Toilet Day celebrated?
'विश्व शौचालय दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?

**Q124)** Who was appointed as the new chairman of the Central Board of Film Certification (CBFC) in August 2017?
अगस्त 2017 में फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया?

**Q125)** Which Indian state is the largest producer of sugar at present?
वर्तमान में सर्वाधिक चीनी उत्पादन करने वाला भारतीय राज्य कौन सा है?

**Q126)** In 1893 in which city Swami Vivekananda delivered inspiring speech as a delegate of India in the Parliament of world Religions?
वर्ष 1893 में किस शहर में स्वामी विवेकानन्द ने भारत के प्रतिनिधि के रूप में विश्व धर्म संसद में प्रेरणादायक भाषण दिया?

**Q127)** With which game is 'Durand Cup' associated?
'डुरण्ड कप' किस खेल से सम्बन्धित है?

**Q128)** What is the new name of Kandla Port which was renamed recently?
काँडला बन्दरगाह का हाल ही में परिवर्तित नया नाम क्या है?

**Q129)** 'The World Human Rights Day' is celebrated on which date?
'विश्व मानवाधिकार दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?

**Q130)** For which book Rabindra Nath Tagore received the Noble Prize?
अपनी किस पुस्तक के लिए रबीन्द्र नाथ टैगोर को नोबेल पुरस्कार मिला?

**Q131)** The term left to the symbol :: have the same relationship as the two terms to the right of symbol :: Out of four terms one is missing. Find out the missing term?
BC : DI :: DE : ?
संकेत :: के बाँयी ओर के दो पदों में वही समानता है जो संकेत :: के दाँयी ओर के दो पदों में हैं। चार पदों में से एक पद लुप्त है। लुप्त पद बताइए।
BC : DI :: DE : ?

**Q132)** If Kamal says, "Ravi's mother is the only daughter of my mother." How is Kamal related to Ravi?
यदि कमल कहता है कि "रवि की माँ मेरी माँ की एक मात्र पुत्री है।" तो कमल का रवि से क्या सम्बन्ध है?

**Q133)** Find the next term in series: 4M, 9K, 16I, 25G, ---?
श्रेणी 4M, 9K, 16I, 25G, ---? का अगला पद ज्ञात कीजिए।

**Q134)** In a certain code **PROMOTION** is written as **567873271**. In the same code **NOTTION** will be written as:-
यदि किसी गुप्त भाषा में **PROMOTION** को **567873271** लिखा जाय तो उसी गुप्त भाषा में **NOTTION** को लिखा जाएगा:-

**Q135)** Mohan starts to walk in west direction and walks 3 km, then turns right and walks further 4 km. He further turns left and walks 2 km, again turns left and walks 4 km. How far is Mohan from its origin and in what direction?
मोहन पश्चिम की ओर 3 कि.मी. चलकर अपनी दाँयी ओर मुड़ता है और 4 कि.मी. चलता है फिर बाँयी ओर मुड़कर 2 कि.मी. चलता है तदुपरान्त पुनः बाँयी ओर मुड़कर 4 कि.मी. की दूरी तय करता है। वह अपने चलने के स्थान से कितनी दूर व किस दिशा में है?

**Q136)** The physical structure of a Computer is called:-
कम्प्यूटर की भौतिक बनावट कहलाती है:-

**Q137)** The Brain of Computer is:-
कम्प्यूटर का दिमाग होता है:-

**Q138)** A main page of website is called:-
वेबसाइट का मेन पेज कहलाता है:-

**Q139)** In a digital computer, data is stored in which form?
एक डिजीटल कम्प्यूटर में डाटा किस रूप में संरक्षित रहता है?

**Q140)** The file Attached with an e-mail which is sent to a receiver is called as:-
ई-मेल से जुड़ी फ़ाइल जो ई-मेल प्राप्त करने वाले को भेजी जाती है उसे कहते हैं:-

**Q141)** Using voting rights during Election is related with which type of value?
चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करना किस मूल्य से सम्बन्धित है?

**Q142)** If teacher helps the student in selecting subjects, then this is his which role?
अगर शिक्षक छात्र को विषय चुनने में मदद करे तो यह उसकी कौन सी भूमिका है?

**Q143)** To ensure participation of more students in class, which method of teaching you would adopt?
यदि आप कक्षा में ज्यादा छात्रों की प्रतिभागिता चाहते हैं तो आप शिक्षण की कौन सी विधि का चुनाव करेंगे?

**Q144)** Punishment is which type of reinforcement?
दण्ड किस प्रकार का पुर्नबलन है?

**Q145)** Which body determines the professional norms for teachers?
शिक्षक के व्यवसायिक आचरण के मानक कौन निर्धारित करता है?

**Q146)** Which article of the Constitution discusses the fundamental duties of citizens?
संविधान के किस अनुच्छेद में नागरिकों के मूलभूत कर्तव्यों की चर्चा है?

**Q147)** 1:1 guidance for one's personal problem is called:-
किसी व्यक्तिगत समस्या हेतु 1:1 निर्देशन कहलाता है:-

**Q148)** In which year National Literacy Mission was launched?
राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की शुरुआत कब हुई?

**Q149)** Who was the chairman of Emotional Integration Committee?
भावात्मक एकता समिति के अध्यक्ष कौन थे?

**Q150)** Which record is maintained to verify the ability, interest, aptitude and response of the students?
कौन सा अभिलेख छात्रों की योग्यता, रूचि, क्षमताओं एवं प्रतिक्रियाओं की जाँच करने हेतु रखा जाता है?